पुना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

**CLASS-8 Half yearly assignment 20-21 Sub: Hindi**

## अपठित गदयांश

निम्न लिखित गद्यांश में से प्रश्नों के उत्तर लिखो |

1- खेल हमारे शरीर की सुगठित बनाते हैं था हमारी कार्य-क्षमता को बढ़ाते हैं। जीवनभर अगर युवक बने रहना है
तो खेलों से अच्छा कोई साधन नहीं है। खेलकूद हमारे अंदर मिलकर काम करने की भावना का विकास करते हैं।
किसी टीम की विजय में उसके सभी खिलाड़ियों का योगदान होता है। इससे सामूहिकता के साथ काम करने की आदत
विकसित होती है। इस प्रकार खेल-कूद हमारे अंदर संगठन और सहयोग, परस्पर विश्वास, अनुशासन और
आज्ञाकारिता, साहस, सहनशीलता, आदि अच्छे गुणों का विकास करते हैं। हारने वाला खिलाड़ी मुस्कराकर विजयी
खिलाड़ी को बधाई देता है और आगे से अच्छे-से अच्छा खेलने का संकल्प करता है। खेल हमें विपरीत परिस्थितियों के
आगे न झुकने की प्रेरणा देते हैं।

प्रश्नः

1 खेल हमारे शरीर पर क्या प्रभाव डालते हैं?

2 खेलकूद हमारे अंदर कैसी भावना का विकास करते हैं?

3 खेलकूद हमारे अंदर किन श्रेष्ठ गुणों का विकास करते हैं?

4 खेल विपरीत परिस्थितियों में क्या प्रेरणा देते हैं?

5 खेल में हरने वाला खिलाड़ी क्या करता है?

6. (i) गद्यांश में से एक जातिवाचक संज्ञा छाँटकर लिखिए।

(ii) गद्यांश का उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

2. मित्र भाई के समान होना चाहिए , जिसे हम अपना प्रीति – पात्र बना सकें | हमारे और हमारे मित्र के बीच सच्ची सहानुभूति होनी चाहिए | ऐसी सहानुभूति जिससे एक के हानि –लाभ को दूसरा अपना हानि – लाभ समझे | मित्रता के लिए यह आवश्यक नहीं कि दोनों मित्रों का कार्य या रुचियाँ एक- सी हों | प्रकृति और आचरण की समानता भी आवश्यक नहीं हैं | दो विभिन्न प्रकृति के मनुष्यों में भी बराबर प्रीति और मित्रता रही है | जैसे – राम धीर – गंभीर तथा शांत प्रकृति के थे तो लक्ष्मण उग्र तथा उद्दंड स्वभाव के थे | फिर भी दोनों भाइयों में प्रगाढ स्नेह था और उनकी मित्रता खूब निभी |

क ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दो |

ख ) हमारे और मित्र के बीच क्या होना चाहिए ?

ग ) मित्र किसके समान होना चाहिए ?

घ ) मित्रता के लिए क्या आवश्यक नही है ?

ड ) क्या दो विभिन्न प्रकृति के व्यक्तियों में मित्रता हो सकती है ?

3. आज का समाज स्वार्थपरक और क्षुद्र विचारों का बन गया है | कभी मदमत्त अंधा हो जाता है और कभी मिथ्या अभीमान से अपने आपको ज़रूरत से अधिक ऊँचा समझने लगता है | काम, क्रोध ईर्ष्या को तो मानव ने सहचर बना लिया है | धन की लालसा से प्रेरित होकर मानव न जाने कहाँ- कहाँ भटकता है | आज सार तत्व की अपेक्षा आडम्बर और प्रर्दशन का बोलबाला है | आज लोगों मे नि:स्वार्थ रूप से समाज – सेवा का भाव होना बहुत आवश्यक है | समाज –सेवक कथनी और करनी में एक होने चाहिए | मन, वाणी और कर्म में संतुलन होना चाहिए |

1) गद्यांश का उचित शीर्षक दें |
2) मानव के सहचर कौन बन गए हैं ?
3) आज का समाज कैसा बन गया है ?
4) आज किस बात का बोल – बाला है ?
5) समाज – सेवक में क्या गुण होने चाहिए ?

4 .माँ ! ये लहरे भी गाती है कल – कल, छल – छल के मधुर स्वर में अपना गीत सुनती है | मै कब से बुला रही इनको पर मेरे पास नही आती कुछ खेल खेलती इसीलिए तट तक आकर फिर भाग जाती मै चलूँ, साथ खेलूँ इनके देखो ये मुझे बुलाती है | माँ ! ये लहरे भी गाती है |

क ) लहरे क्या सुनाती है ?

ख) कवि किसे बुला रहे है ?

ग ) कौन तट तक आकर भाग जाती है ?

5 एक किरण आई छाई

दुनिया में ज्योति निराली।

रँगी सुनहरे रंग में

पत्ती-पत्ती ,डाली,डाली।।

एक किरण आई

पूरब में सुखद सवेरा।

हुई दिशाएँ लाल,

लाल हो गया धरा का फेरा।।

1 किरण के आने से दुनिया में कैसी ज्योति छाई?

2 पत्ती और डाली कैसे रंग में रंग गए?

3 पूरब में कैसा सवेरा छाया?

4 दिशाएँ कैसी हो गई?

5 धरा,दुनिया के पर्यायवाची शब्द लिखिए-

6 वृक्षों से मानव को अनेक लाभ हैं। सूर्य के प्रकाश में वृक्ष अत्याधिक मात्रा में ऑक्सीजन का निर्माण करते है, जिससे वातावरण की शुदिध होती है। वृक्षों से तापमान का नियंत्रण होता है।वृक्षों से हमें लकड़ियाँ,फल,औषधियाँ, खाद भी मिलती है।

1 सूर्य के प्रकाश में वृक्ष किसका निमार्ण करत हे?

2 वृक्ष किसका नियंत्रण करते है?

3 वृक्षों से हमें क्या-क्या मिलाता है?

4 गदयांश का शीर्षक लिखिए-

5 सूर्य,प्रकाश का पर्यायवाची शब्द लिखिए-

## व्याकरण- विभाग

### भाषा

क भाषा से आप क्या समझते है?

ख लिपि किसे कहते हैं?

ग बोली किसे कहते है?

घ व्याकरण किसे कहते है?

### संज्ञा

नीचे लिखे वाक्यों में से संज्ञा शब्द बताइए-

**Q.1)** राधा कल दिल्ली जाएगी**|**

a) कल
b) राधा
c) दिल्ली
**d)** राधा**,** दिल्ली

**Q.2)** राम खेल रहा है**|**

**a)** राम
b) खेल
c) रहा है

**Q.3)** वह आगरा में रहता है**|**

a) वह
**b) आगरा**
c) रहताहै

**Q.4)** बुढ़ापा किसी को अच्छा नहीं लगता|

**a) बुढ़ापा**
b) किसी को
c) अच्छा नहीं लगता

**Q.5)** वह पुस्तक पढ़ती है|

a) वह
**b) पुस्तक**
c) पढ़ती है

**Q.6)** किसान हल चलाता है|

a) किसान
b) हल
**c) हल, किसान**

**Q.7)** लता मंगेशकर बहुत अच्छा गाती है|

**a) लता मंगेशकर**
b) बहुत अच्छा
c) गाती है

**Q.8)** वह कल लाल किला देखने गया|

a) वह

**b) लालकिला**

c) कल

**Q.9)** घोड़ा दौड़ रहा है|

**a) घोड़ा**

b) रहा है

c) दौड़

**Q.10)** कल मैं बनारस जाऊंगा|

a) मैं

b) कल

**c) बनारस**

## सर्वनाम

**प्रः कोष्ठक में दिए सर्वनाम के भेदों के अनुरूप रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-**

1 बाहर कोई ज़ोर-ज़ोर से चिल्ला रहा है। (अनिश्चयवाचक)

2 तुम्हारी पुस्तक यह है? (निश्चयवाचक)

3 जिसने श्रेष्ठ प्रदर्शन किया है, उसे ही पुरस्कार मिलेगा। (संबंधवाचक)

4 तुम सुबह से कहाँ थे? (प्रश्नवाचक)

5 व्यक्ति को अपना काम स्वयं करना चाहिए।(निजवाचक)

**निम्नलिखित विशेषण रेखाकिंत कर उनके भेद लिखिए-**

1 जयपुर में पुराना घरहै।

2 दुनिया में सात अजूबे हैं।

3 मुझे पाँच मीटर कपड़ा दीजिए।

4 यह लड़का कक्षा में प्रथम आया

**(क) निम्नलिखित समास विग्रह कर के भेद लिखिए-**

राजकुमार

माता पिता

कमलचरण

त्रिफला

पीतांबर

## साहित्यक विभाग

**प्रश्नो के उत्तर**

प्रश्न- कविता ;ध्वनि के कवि कौन हैं?
उत्तर - कविता ;ध्वनि के कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला हैं।
प्रश्न- वसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है?
उत्तर - इस ऋतु के आने पर सर्दी कम हो जाती है, मौसम सुहावना हो जाता है, पेड़ों में नए पत्ते आने
लगते हैं, आम के पेड़ बौरों से लद जाते हैं और खेत सरसों के फूलों से भरे पीले दिखाई देते हैं । अतः राग रंग
और उत्सव मनाने के लिए यह ऋतु सर्वश्रेष्ठ मानी गई है और इसलिए इसे ऋतुराज कहा गया है।
प्रश्न- कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा?

उत्तर- कवि को ऐसा विश्वास इसलिए है क्योंकि उसके मन में नया जोश व उमंग है। वह आशावादी
है। अभी उसे कई कार्य करने हैं। वह युवा पीढ़ी को आलस्य की दशा से उबारना चाहता है और उन्हें
उनके लक्ष्य की ओर प्रेरित करना चाहता है। वह अपने रचनात्मक कार्यों की खुशबू चारों ओर बिखेरना

प्रश्न- इस कहानी के लेखक कौन हैं?

उत्तर -इस कहानी के लेखक कामतानाथ जी हैं।

प्रश्न- रज्जो कौन थी?

उत्तर -रज्जो बदलू की बेटी थी।

प्रश्न- लेखक ने पाठ में अपना क्या नाम बताया है?

उत्तर - लेखक ने पाठ में अपना नाम जनार्दन बताया है।

प्रश्न- बदलू को संसार में किस चीज़ से चीढ़ थी?

उत्तर - बदलू को संसार में सबसे ज़्यादा काँच की चूड़ियों से चीढ़ थी।

प्रश्न- बदलू का स्वभाव कैसा था?

उत्तर-बदलू का स्वभाव बहुत सीधा था

प्रश्न- बदलू अपना कार्य किस चीज़ पर बैठ कर करता था?

उत्तर- बदलू अपना कार्य एक मचिये पर बैठ कर करता था जो की बहुत पुरानी थी।

प्रश्न- गाँव में लेखक का दोपहर का समय अधिकतर कहाँ बीतता?

उत्तर -गाँव में लेखक का दोपहर का समय अधिकतर बदलू के पास बीतता।

प्रश्न- बदलू लेखक को क्या कह कर बुलाता था?

उत्तर - बदलू लेखक को लला कह कर बुलाता था।

प्रश्न- बदलू कौन था?

उत्तर- बदलू एक मनिहार था। चूड़ियाँ बनाना उसका पैतृक पेशा था और वास्तव में वह बहुत ही सुंदर
चूड़ियाँ बनता था।

प्रश्न- बदलू लेखक से क्या बातें किया करता था?

उत्तर- बदलू लेखक के पढ़ाई के बारे में, कभी लेखक के घर के बारे में और कभी यों ही शहर के जीवन के
बारे में पूछता था।

प्रश्न- रज्जो ने कौन सी लाख की चूड़ियाँ पहन रखी थी?

उत्तर– रज्जो ने जो लाख की चूड़ियाँ पहन रखी थी वह बदलू ने जमींदार साहब की बेटी के विवाह पर
बनाया था।

प्रश्न- बदलू ने जमींदार साहब को चूड़ियाँ क्यों नहीं दी थी?
उत्तर - बदलू ने जमींदार साहब को चूड़ियाँ इसलिए नहीं दी क्योंकि वह उसे सिर्फ़ दस आने पैसे दे रहे थे जो उसे बहुत कम लगी।
प्रश्न- बदलू को गाय क्यों बेचनी पड़ी थी?
उत्तर - व्यवसाय बंद होने के कारण बदलू की आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं थी। गाय को पालना उसके लिए मुश्किल हो रहा था इसलिए उसे गाय बेचनी पड़ी थी।
प्रश्न- बदलू लेखक की किस प्रकार ख़ातिर किया करता था?
उत्तर - जिन दिनों बदलू की गाय के दूध होता वह सदा लेखक के लिए मलाई बचाकर कर रखता और आम की फसल में वह लेखक को आम खिलता था।
प्रश्न- बदलू चूड़ियों को किस प्रकार बेचता था?
उत्तर - बदलू कभी भी चूड़ियों को पैसों से नहीं बेचता था। उसका अभी तक वस्तु - विनिमय का तरीका था और लोग अनाज के बदले उससे चूड़ियाँ ले जाते थे।
प्रश्न- लेखक को क्या देखकर लगा कि बस इसमें गोता लगाएगी?
उत्तर-झील
प्रश्न- लेखक ने बस को कैसी अवस्था में बताया?
उत्तर- वृद्धावस्था
प्रश्न- लेखक और उसके मित्र कुल कितने सदस्य थे, जिन्हें बस की यात्रा करनी थी?
उत्तर- पाँच
प्रश्न- पाठ बस की यात्रा; के लेखक कौन हैं?
उत्तर- पाठ बस की यात्रा; के लेखक हरिशंकर परसाई जी हैं।
प्रश्न- शब्दों के अर्थ बताइए - रंक , निमित्त
उत्तर - रंक - गरीब, निमित्त - कारण, साधन, लक्ष्य
प्रश्न- पहली बार बस किस कारण रुकी?
उत्तर- पेट्रोल की टंकी में छेद होने के कारण पहली बार बस रुकी।
प्रश्न- कंपनी के हिस्सेदार ने बस के लिए क्या कहा?
उत्तर - कंपनी के हिस्सेदार ने बस के लिए कहा - बस तो फर्स्ट क्लास है जी|
प्रश्न- लेखक के अनुसार देवता बाँहें पसारकर किसका स्वागत करते?
उत्तर- लेखक के अनुसार देवता बाँहें पसारकर कंपनी के हिस्सेदार का स्वागत करते।

प्रश्न- लोगों ने बस को ;डाकिन; क्यों कहा?

उत्तर- लोगों ने बस को डाकिन; कहा क्योंकि इस बस से यात्रा करने वाले लोगों का सुख-चैन लुट जाता है।

प्रश्न- इंजन स्टार्ट होने पर क्या हुआ?

उत्तर-इंजन स्टार्ट होने पर लेखक को लगा जैसे सारी बस ही इंजन है और वह इंजन के अंदर बैठा है।

प्रश्न- लेखक और उसके दोस्त खिड़की से दूर सरककर क्यों बैठ गए?

उत्तर- लेखक और उसके दोस्त खिड़की से दूर सरककर इसलिए बैठ गए ताकि खिड़की के काँच टूटकर उन्हें चोटिल न कर दें।

पाँचों मित्रों ने शाम वाली बस से जाने का निश्चय क्यों किया?

उत्तर- पाँचों मित्रों ने शाम वाली बस से जाने का निश्चय इसलिए किया ताकि लेखक और उसके मित्र जबलपुर की ट्रैन पकड़कर सुबह अपने गंतव्य तक पहुँच सके।

प्रश्न- आगे - पीछे से किसी गाड़ी को आता देख बस एकदम किनारे क्यों खड़ी हो जाती थी?

उत्तर- बस पुरानी और खटारा थी, उसकी हेडलाइटों की रोशनी भी कम थी। इसलिए वह आगे-पीछे से किसी गाड़ी को आता देख बस एकदम किनारे खड़ी हो जाती थी।

प्रश्न- लेखक की चिंता क्यों जाती रही?

प्रश्न- ;हर हिस्सा असहयोग कर रहा था; इस पंक्ति में क्या व्यंग्य निहितार्थ है?

प्रश्न- "गज़ब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है।" लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई?

प्रश्न-"मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा।"

लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई?

;दीवानों की हस्ती कविता के रचयिता कौन है?

उत्तर-;दीवानों की हस्ती कविता के रचयिता भगवतीचरण वर्मा हैं।

प्रश्न- कवि सुख और दुःख को किस भाव से ग्रहण करता है?

उत्तरः एक समान भाव से।

रेलों से भी तेज गति से संवाद किसने पहुँचाया?

उ तार ने

## भारत की खोज

1 नेहरूजी की यह कौन-सी जेल यात्रा थी?

2 दबाव कभी-कभी क्या बन जाता है?

3 भारत की खोज को किसका दर्जा हासिल है?

4 नेहरू जी को किससे प्रेम था?

5 भारतीय सभ्यता कितने वर्ष पुरानी है?

## दीर्घ प्रश्न

1 फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन-सा प्रयास करता है?

2 मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया?

3 लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफर नहीं करते।" लोगों ने यह सलाह क्यों दी?

4 **बसंत को ऋतुराज क्यों कहा जाता है? आपस में चर्चा कीजिए।**

5 कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया है? स्पष्ट कीजिए।

6 **कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है?**

7 पत्र जैसा संतोष फोन या एसएमएस का संदेश क्यों नही दे सकता?

8 कवि ने अपने आने को उल्लास बनकर बह जाना क्यों कहा है?

## लेखन -विभाग

1 वसंत ऋतु पर निबंध

2 **अपने पिता को फीस शुल्क मांगने के लिए पत्र लिखें |**

ा लाख की चुड़िया

ा अपने पिता को फीस शुल्क मांगने के लिए पत्र लिखे-

ा दो दोस्तों के बीच जीवन लक्ष्य को लेकर संवाद

ा आपके क्षेत्र में डाकिए के अनियमितता के कारण हो रही परेशानी के लिए पोस्ट मासटर को शिकायती पत्र लिखिए-